## अस्पताल का आपातकालीन विभाग (एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट)

अधिकतर अस्पतालों के आपातकालीन विभागों में ऐसे कर्मचारी होते हैं जो किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन कर सकते हैं। हालाँकि, छोटे अस्पताल व्यक्ति को बड़े अस्पताल भेज सकते हैं या रिमोट तरीके से आकलन किये जाने की व्यवस्था कर सकते हैं।

देखभालकर्ता या परिवार के सदस्य के रूप में, आप आपातकालीन विभाग में 'अधिकृत चिकित्सीय अधिकारी' से व्यक्ति का आकलन करने के लिए कह सकते हैं[4]। ऐसा आपको लिखित रूप में करना होगा। इस पत्र से कर्मचारियों को व्यक्ति का आकलन पूरा हो जाने तक उसे आपातकालीन विभाग में रखने की अनुमति मिलती है।

आपको 'अधिकृत चिकित्सीय अधिकारी' का नाम जानने की आवश्यकता नहीं है और यह पत्र किसी भी रूप में हो सकता है (ईमेल या टेक्स्ट के द्वारा भी बताया जा सकता है)।

*इस ब्रोशर में दिए गए QR कोड का उपयोग करके 'In the Emergency Department (आपातकालीन विभाग में)' ब्रोशर तक पहुँच प्राप्त करें*



*[4] मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 (NSW) (Mental Health Act 2007 (NSW)) की धारा 26*

## आपके अधिकार

यदि आप मानसिक रोग से ग्रस्त किसी व्यक्ति के मुख्य देखभालकर्ता हैं तो आपको यह अधिकार है कि जो चल रहा है उसके बारे में अस्पताल के कर्मचारी आपको बताएँ[5]।

*नीचे प्रदान किये गए QR कोड का उपयोग 'Carers' Rights (देखभालकर्ताओं के अधिकार)' ब्रोशर तक पहुँच प्राप्त करने के लिए करें।*

## और अधिक जानकारी प्राप्त करें

और अधिक जानकारी यहाँ उपलब्ध है:

- **Mental Health Line (मानसिक स्वास्थ्य लाइन)**
  https://www.health.nsw.gov.au/mental-health/Pages/mental-health-line.aspx
- **NSW Health**
  https://www.health.nsw.gov.au/mentalhealth/Pages/default.aspx
- **Support for Carers (देखभालकर्ताओं के लिए सहायता)**
  https://www.carersnsw.org.au/services-and-support

**सभी ब्रोशरों तक पहुँच प्राप्त करने के लिए QR कोड स्कैन करें।**

MHCN: मई 2023

*[5] नामित देखभालकर्ताओं और मुख्य देखभाल प्रदाताओं के बारे में और अधिक जानकारी के लिए ब्रोशर 10 देखें।*



Mental Health Carers NSW

NSW सरकार द्वारा गर्व से वित्त पोषित

NSW GOVERNMENT

### मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे व्यक्ति के देखभालकर्ता के लिए जानकारी

# किसी व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य आकलन कैसे करवायें

यह ब्रोशर उन लोगों के लिए है जो इस बात से चिंतित हैं कि कोई अन्य व्यक्ति अपनी गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में तत्काल सहायता प्राप्त करने की कोशिश नहीं कर रहा है।

Hindi | हिन्दी

## यदि कोई व्यक्ति तत्काल खतरे में है तो 000 पर कॉल करें।

यदि सहायता की तत्काल आवश्यकता है, लेकिन कोई तात्कालिक खतरा नहीं है, तो निम्नलिखित से सलाह प्राप्त की जा सकती है:

- Mental Health Line (मानसिक स्वास्थ्य लाइन)
- सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवा
- व्यक्ति का सामान्य चिकित्सक (जनरल प्रेक्टिशनर)
- अस्पताल का आपातकालीन विभाग

जिस व्यक्ति की आप देखभाल करते/ती हैं, यदि वह व्यक्ति गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त है तो आपका तनावग्रस्त, चिंतित, परेशान या क्रोधित होना आम बात है।

आपको किसी को यह बताना कि क्या हो रहा है, चीजों को याद रखना और नई जानकारी को समझना मुश्किल लग सकता है।

आपातकालीन और स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी परिवार, देखभालकर्ताओं और तनाव से जूझ रहे व्यक्ति की बात सुनने के लिए प्रशिक्षित होते हैं।

### यह याद रखें:

- कई सेवाओं से इस संबंध में बात करना सही है
- और अधिक या नई जानकारी प्रदान करने के लिए फिर से कॉल करना सही है
- जब भी आप किसी की सुरक्षा के बारे में चिंतित हों, तो आपको हर बार मदद के लिए कॉल करना चाहिए
- कभी-कभार, आपके अच्छे इरादों के बावजूद भी चीजें योजना के अनुसार नहीं होती हैं, लेकिन ऐसा होना आपकी गलती नहीं है



## ट्रिपल जीरो 000 पर कॉल करें

जब आप **000** पर कॉल करते/ती हैं तो एम्बुलेंस और/या पुलिस आ सकती है। यदि उन्हें यह ज़रूरी लगता है तो वे मानसिक स्वास्थ्य आकलन[1] के लिए व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल के आपातकालीन विभाग में ले जा सकते हैं।

NSW के कई पुलिस स्टेशनों में PACER[2] टीमें हैं। PACER टीम में कुशल मानसिक स्वास्थ्य कर्मचारी होते हैं, और यदि वे उस समय उपलब्ध हों, तो वे व्यक्ति के स्थान पर आकर उसका आकलन करेंगे। इससे व्यक्ति को अस्पताल ले जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जब आप पुलिस या **000** पर सहायता के लिए कॉल करते हैं तो PACER टीम आपके पास भेजी जाती है। आप PACER टीम की उपलब्धता के बारे में पूछ सकते हैं।

## The Mental Health Line 1800 011 511

NSW Mental Health Line आपको किसी स्थानीय मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से जोड़ती है। वे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को समझते हैं और आपको इस बारे में बता सकते हैं कि आप अपनी निकटतम प्रासंगिक मानसिक स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच कैसे प्राप्त कर सकते हैं । ये सेवाएँ बच्चों और किशोरों, वयस्कों और बुजुर्ग लोगों के लिए हो सकती हैं।

NSW में Mental Health Line सभी के लिए उपलब्ध है और सप्ताह के सातों दिन, 24 घंटे कार्य करती है।

[1] *मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 (NSW) (Mental Health Act 2007 (NSW) की धारा 20 और 22*
[2] *Police, Ambulance and Clinical Early Response Team (पुलिस, एम्बुलेंस और क्लिनिकल प्रारंभिक प्रतिक्रिया टीम)*

## सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ

**Mental Health Line** आपका संपर्क आपकी स्थानीय सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवा से करवा सकती है। आप अपने लोकल हेल्थ डिस्ट्रिक्ट (स्थानीय स्वास्थ्य जिले) की वेबसाइट पर जाकर भी उनसे सीधे संपर्क कर सकते/ती हैं। हालाँकि, वे आपातकालीन सेवा नहीं हैं, और प्रतिक्रिया हमेशा तात्कालिक नहीं होती है।

*इस ब्रोशर में दिए गए QR कोड का उपयोग "देखभालकर्ताओं द्वारा घर पर देखभाल (Carers Caring At Home)" ब्रोशर तक पहुँच प्राप्त करने के लिए करें।*

## सामान्य चिकित्सक (जनरल प्रेक्टिशनर)

व्यक्ति के GP द्वारा आपकी मदद की जा सकती है। यदि GP द्वारा यह निर्णय लिया जाता है कि व्यक्ति को उसके मानसिक रोग या विकार के कारण आकलन की आवश्यकता है, तो वह मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम (Mental HealthAct)3 के तहत 'शेड्यूल'पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इस शेड्यूल में बताया जाता है कि व्यक्ति को उसके मानसिक रोग के कारण 'देखभाल, उपचार या नियंत्रण'की आवश्यकता है और व्यक्ति को उसकी इच्छा के विरुद्ध आकलन के लिए अस्पताल ले जाया जा सकता है। आवश्यकता होने पर, GP एम्बुलेंस या पुलिस सहायता की मांग कर सकता है।



[3] *मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 (NSW) (Mental Health Act 2007 (NSW) की धारा 19*